दिनांक : 30.03.2025 समय : 02.10PM

आकाशवाणी, भोपाल

दोपहर समाचार

पीएम-मन की बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में देश-विदेश के श्रोताओं के साथ अपने विचार साझा किए। यह इस मासिक कार्यक्रम की 120वीं कड़ी थी। प्रधानमंत्री ने प्रदेश के छिंदवाड़ा जिले को उल्लेख करते हुए कहा कि जिले में महुआ के फूलों से बिस्कुट बनाए जा रहे हैं। राजाखोह गांव की चार बहनों के प्रयासों के प्रयास से ये बिस्कुट काफी लोकप्रिय हो रहे हैं।

बाइट- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी

कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने कहा कि वस्त्र अपशिष्ट यानी टेक्सटाइल वेस्ट की चुनौती पूरी दुनिया के लिए नई चिंता की एक बड़ी वजह बन गया है। उन्होंने कहा कि एक प्रतिशत से भी कम टेक्सटाइल वेस्ट को नए कपड़ों में रिसाइकिल किया जाता है। श्री मोदी ने कहा कि भारत दुनिया का ऐसा तीसरा देश है, जहां सबसे ज्यादा टैक्सटाइल वेस्ट निकलता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि गर्मी के आते ही शहर-शहर, गांव-गांव पानी बचाने की तैयारी शुरू हो जाती है। उन्होंने इस बात पर संतोष व्यक्त किया कि कई राज्यों में जल संचय से जुड़े कामों में नई तेजी आई है।प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि हर साल की तरह इस बार भी कैच द रेन अभियान के लिए कमर कस ली गई है।

प्रधानमंत्री ने विद्यार्थियों को ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान सकारात्मक कार्य करने की सलाह दी। प्रधानमंत्री ने युवाओं श्रोताओं के लिए माई भारत नामक खास कैलेंडर की चर्चा की जिसे इस वर्ष की गर्मियों की छुट्टी के लिए तैयार किया गया है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की उल्टी गिनती भी शुरू हो चुकी है। योग दिवस का अब 100 दिन से भी कम समय रह गया है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का विषय- 'एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग' है।

मुख्यमंत्री आभार

'मन की बात' कार्यक्रम में छिंदवाड़ा जिले का उल्लेख करने पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम में छिंदवाड़ा जिले की कर्मठ एवं सशक्त बहनों की प्रेरणादायक कहानी सुनने को मिली।

मुख्यमंत्री उज्जैन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज हिन्दू नववर्ष और गुड़ी पड़वा के शुभ अवसर पर उज्जैन में मां क्षिप्रा के तट पर भगवान सूर्यदेव को अर्घ्य अर्पित कर सबके मंगल के लिए कामना की। साथ ही नवसंवत्सर के अवसर पर क्षिप्रा में नौका विहार कर व्यवस्थाओं का अवलोकन भी किया। मुख्यमंत्री चेटीचंड के शुभ अवसर पर आयोजित शोभा यात्रा में भी शामिल हुए। इस अवसर पर अभिनेता गोविंदा और सांसद अनिल फिरोजिया भी उपस्थित रहे।

जल गंगा संवर्धन अभियान

प्रदेश में वर्षा जल की बूंद-बूंद बचाने के लिए आज से जल गंगा संवर्धन अभियान शुरू हो रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव उज्जैन स्थित क्षिप्रा तट पर जलाभिषेक के साथ अभियान का शुभारंभ करेंगे। यह प्रदेशव्यापी अभियान 30 जून तक तक लगातार चलेगा। इस दौरान मुख्यमंत्री हर दिन एक छोटी-बड़ी जल संरचना का लोकार्पण करेंगे।

विक्रमोत्सव-2025

राज्यपाल मंगुभाई पटेल, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और केन्द्रीय विधि एवं न्याय राज्यमंत्री डॉ. अर्जुनराम मेघवाल आज उज्जैन में विक्रमोत्सव-2025 में शामिल होंगे। उज्जैन में आयोजित होने वाले प्रदेश स्तर पर ब्रह्मध्वज स्थापना एवं सम्राट विक्रमादित्य पर केन्द्रित

नाट्य प्रस्तुति होगी। साथ ही वीर भारत संग्रहालय का भूमि-पूजन, रूद्र सागर में लाइट एंड साउंड शो का शुभारंभ और सम्राट विक्रमादित्य हैरिटेज होटल का लोकार्पण भी किया जायेगा।

समाचार संक्षेप में :-

- रायसेन मे विक्रमोत्सव 2025 के अंतर्गत आज उपासना कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
- शिवपुरी जिले में चैत्र नवरात्र महोत्सव पर मंदिरों मे सुबह से ही भक्तों की भीड़ देखी गई यहां पर महिलाएं सुबह से ही पूजन अर्चना करने पहुंच रही हैं।
- मैहर मेले के दौरान रेलवे प्रशासन ने 30 मार्च से 12 अप्रेल तक 15 जोड़ी प्रमुख ट्रेनों को मैहर स्टेशन पर अस्थाई ठहराव देने का आदेश जारी किया है।

-------